सुब्रतो कप फुटबॉल : तीनों वर्गों में गुमला ने जीता खिताब

चर्चा में क्यों?

2 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार गुमला ने स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के तीनों वर्गों का खिताब जीत लिया है।

प्रमुख बिंदु

- बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए बालक अंडर-14 वर्ग के फाइनल में संत इग्नासियुस हाईस्कूल गुमला ने बेथनी कॉन्वेंट मालमंद्री रांची को टाइब्रेकर में 11-10 से हराया।
- बालिका अंडर-17 के फाइनल में संत पीयूष उच्च विद्यालय रामपुर, गुमला ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टांगर, सिमडेगा को 1-0 से हरा कर खिताब जीता।
- वहीं, अंडर-17 बालक वर्ग में संत इग्नासियुस हाईस्कूल गुमला ने रमेश सिंह मुंडा हाईस्कूल बुंडू राँची पर 1-0 से जीत दर्ज की।
- तीनों विजेता टीमें अब 7 से 9 अगस्त तक होटवार स्थित खेलगाँव में होने वाली राज्यस्तरीय 62वीं प्री-सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में दक्षिणी छोटानागपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/subroto-cup-football-gumla-won-the-title-in-all-the-3-categories